State Council of Educational Research & Training Chhattisgarh, Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: **www.scert.cg.gov.in** Email: scertcg@gmail.com

पत्र क्र./शिक्षक–शिक्षा/आनलाइन आबंटन/30–1/प्रवेश/2024–25/4859 रायपुर दिनांक 06/12/2024

डी.एल.एड./बी.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम 2024–25 तृतीय चरण के आबंटन प्रक्रिया के बाद शेष रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए

<u>अंतिम चरण के आबंटन प्रक्रिया की सूचना</u>

छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय/निजी शिक्षा महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित डी.एल.एड./बी.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2024–25 में प्रवेश परिषद् द्वारा प्री डी.एल.एड./बी.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. परीक्षा 2024 के प्राप्तांक के आधार तीन चरण में किया गया है। तीसरे चरण के पश्चात् राज्य के विभिन्न शिक्षा महाविद्यालयों/संस्थाओं में रिक्त सीटों के विरूद्ध अंतिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया निम्नानुसार किया जाना है :–

क्र.	विवरण	बी.एड./डी.एल.एड./बी.ए.बी.एड. व बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम के लिए
		दिनांक से दिनांक तक
1	पूर्व चरणों में पंजीकृत अभ्यर्थी जिन्होंने किसी महाविद्यालय/संस्था में प्रवेश नहीं लिया है वे निशुल्क (Active एवं Inactive दोनों ID के छात्र) तथा जो पहली बार पंजीयन कर रहे होगे वे निर्धारित राशि के शुल्क के साथ किसी एक महाविद्यालय/संस्था का विकल्प ऑनलाइन देने की तिथि।	07.12.2024 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 10.12.2024 को शाम 5 बजे तक
2	अंतिम चरण का प्रथम सूची जारी करना।	12.12.2024 को
3	महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि।	12.12.2024 से 16.12.2024 तक (शाम 5 बजे तक)
4	अंतिम चरण का द्वितीय सूची जारी करना	19.12.2024 को
5	प्रवेश की तिथि	19.12.2024 से 20.12.2024 तक (शाम 5 बजे तक)
6	अंतिम चरण की अंतिम सूची	23.12.2024 को
7	महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि	23.12.2024 से 24.12.2024 तक(शाम 5 बजे तक)

इस अंतिम चरण की प्रक्रिया निम्ननुसार है :–

1. इस चरण में जो अभ्यर्थियों महाविद्यालयों/संस्थाओं में प्रवेश ले चुके हैं वे सम्मिलित नहीं हो सकते हैं।
2. पूर्व चरणों में जिन अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था चाहे उनका पंजीयन Active हो या Inactive वे निशुल्क पुनः पंजीयन कर अंतिम चरण में प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते है। इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पंजीयन करना आवश्यक होगा। पुराने पंजीयन के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया नहीं किया जायेगा।
3. जिन अभ्यार्थियों ने प्री.बी.एड./प्री डी.एल.एड./प्री.बी.ए.बी.एड./प्री बी.एस.सी.बी.एड. परीक्षा 2024 में बैठे थे परन्तु पूर्व में पंजीयन नही करा पाये थे वे निर्धारित राशि ऑनलाइन जमा करके पंजीयन करा सकते है। पंजीयन चिप्स के वेबसाइट https://slcm.cgstate.gov.in/SCERTOnline में होगा
4. रिक्त सीटों की जानकारी https://slcm.cgstate.gov.in/SCERTOnline के वेबसाइट में महाविद्यालय/वर्ग/पाठ्यक्रम वार दिया जायेगा। इसका अवलोकन कर ही पंजीयन करावें। क्योंकि यह आबंटन प्रक्रिया रिक्त सीटों के विरूद्ध ही किया जा रहा है।

5. अभ्यर्थी रिक्त सीटों की जानकारी लेकर जिन महाविद्यालयों में सीटे रिक्त है उनमें से एक का ही विकल्प चुनना होगा। यह प्रवेश का अंतिम अवसर है एवं एक ही महाविद्यालय/संस्था का विकल्प दें सकते है इस कारण महाविद्यालय का विकल्प सोच विचार कर ही करें।
6. इस चरण के लिए उपरोक्तानुसार प्राप्त आवेदन के आधार पर ही 3 सूची जारी की जायेगी। महाविद्यालय आबंटन अभ्यर्थी का प्री टेस्ट में प्राप्तांक, वर्ग, महाविद्यालय में उस वर्ग में रिक्त सीट एवं अभ्यर्थी द्वारा दिये गये विकल्प के आधार पर किया जायेगा।
7. छात्रों को जो महाविद्यालय आबंटित होगा उन्हें वहां प्रवेश लेना आवश्यक होगा अन्यथा वे इस वर्ष के प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो जायेगे।
8. अभ्यर्थियों को अपना चयन की जानकारी उनके login Id में दिया जायेगा। इस कारण निर्धारित तिथियों में अपना login Id अवश्य चेक करें तथा प्रवेश के लिए महाविद्यालय के कॉल का इन्तजार न करें। प्रवेश हेतु भी दो दिवस का ही समय दिया गया है इस कारण विलम्ब न करें।
9. महाविद्यालय निर्धारित प्रवेश शुल्क की राशि लेकर चयनित छात्रों को प्रवेश देवें। यदि अतिरिक्त राशि ली जाती है तो इसकी लिखित शिकायत अभ्यर्थी अपना आई.डी. के साथ परिषद् द्वारा जारी हेल्पलाइन ई–मेल support.slcm@cgchips.in एवं 7898041982 एवं 7470470609 में कॉल करके या व्हाटएप से देवें। शिकायत में अभ्यर्थी अपना हस्ताक्षर वाला पत्र अवश्य रूप से अपलोड करें।
10. दस्तावेजों का प्रारंभिक स्कूटनी महाविद्यालय करेगा तथा दस्तावेज सही पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थी को प्रवेश देगा।
11. अत्यधिक भीड़ के कारण सर्वर धीमा हो सकता है अतः असुविधा से बचने के लिए आवेदन शुरू में ही कर लेवें।
12. महाविद्यालय में प्रवेश लेने के पूर्व निम्नलिखित दस्तावेजों का परीक्षण करेंगे –
    - **i.** स्नातक/स्नातकोतर की अंकसूची।
    - **ii.** यदि आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी है तो जाति प्रमाण पत्र
    - **iii.** छ.ग. का अभ्यर्थी है तो निवास प्रमाण पत्र
    - **iv.** जन्म प्रमाण पत्र (10वीं का अंकसूची)
    - **v.** प्री परीक्षा का अंकसूची
    - **vi.** आबंटन पत्र
    - **vii.** टी.सी. (मूलप्रति)
    - **viii.** माइग्रेशन के लिए समय देवें।
13. आबंटन प्रक्रिया सीटे रिक्त रहने तक ही की जावेगी। यदि 1 सूची के बाद समस्त सीटे भर जाती है तो आगे की प्रक्रिया नहीं की जावेगी।
14. शेष नियम व शर्ते पूर्ववत ही रहेंगे।

(पुष्पा किस्पोट्टा)
प्राध्यापक
एस.सी.ई.आर.टी. छ.ग. रायपुर

पृ. क्र./शिक्षक–शिक्षा/आनलाइन आबंटन/30–1/प्रवेश/2024–25 4860 रायपुर दिनांक 06/12/2024
प्रतिलिपि –

1. सचिव, छ.ग शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
2. कुलसचिव, ... विश्वविद्यालय .... को सूचनार्थ।
3. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर को सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स छ.ग. रायपुर को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
5. सर्व सूचनार्थ।

प्राध्यापक
एस.सी.ई.आर.टी. छ.ग. रायपुर